# 2023
# हिन्दी

**समय :** तीन घण्टे 15 मिनट **पूर्णांक :** 70

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**निर्देश :**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न-पत्र दो खण्ड 'अ' तथा 'ब' में विभाजित है।

(iii) प्रश्न-पत्र के खण्ड 'अ' में बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिसमें सही विकल्प का चयन करके O.M.R. शीट पर नीले अथवा काले बाल प्वाइंट पेन से सही विकल्प वाले गोले को पूर्ण रूप से काला करें।

(iv) खण्ड 'अ' में बहुविकल्पीय प्रश्न हेतु प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

(v) प्रत्येक प्रश्न के सम्मुख उनके निर्धारित अंक दिए गए हैं।

## खण्ड – 'अ'
## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

1. 'हंस' पत्रिका के प्रथम सम्पादक थे : **1**

(A) प्रेमचन्द (C) इलाचन्द्र जोशी

(B) गुलाबराय (D) जयशंकर प्रसाद

2. शुक्ल युग के प्रसिद्ध उपन्यासकार हैं : **1**

(A) रांगेय राघव (C) भगवती चरण वर्मा

(B) धर्मवीर भारती (D) मन्नू भण्डारी

3. 'नीड़ का निर्माण फिर' किस विधा की रचना है ? **1**

(A) कहानी
(B) आत्मकथा
(C) उपन्यासकार
(D) निबन्ध

4. 'चेखव: एक इन्टरव्यू' के लेखक हैं : **1**

(A) राजेन्द्र यादव
(B) रामविलास शर्मा
(C) प्रभाकर माचवे
(D) देवेन्द्र सत्यार्थी

5. 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक के रचनाकार हैं : **1**

(A) प्रेमचन्द
(B) हरिकृष्ण 'प्रेमी'
(C) जयशंकर प्रसाद
(D) रामकुमार वर्मा

6. रीतिकाल की रचना है : **1**

(A) रामचरितमानस
(B) प्रिय प्रवास
(C) प्रेम-माधुरी
(D) रामचन्द्रिका

7. 'तार सप्तक' का प्रकाशन वर्ष है : **1**

(A) सन् 1919 ई.
(B) सन् 1943 ई.
(C) सन् 1953 ई.
(D) सन् 1942 ई.

8. 'लोकायतन' के रचनाकार हैं : **1**

(A) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'
(B) जयशंकर प्रसाद
(C) सुमित्रानन्दन पन्त
(D) महादेवी वर्मा

9. 'बहुरि अकेला' के रचनाकार हैं : **1**

(A) अशोक वाजपेयी
(B) केदार नाथ सिंह
(C) गजानन माधव 'मुक्तिबोध'
(D) नरेन्द्र शर्मा

10. रीतिकाल किस समयावधि में माना जाता है ? **1**

(A) सन् 1600 – 1616 ई. तक
(B) सन् 1800 – 1818 ई. तक
(C) सन् 1643 – 1843 ई. तक
(D) सन् 1616 – 1632 ई. तक

11. 'हास्य रस' का स्थायी भाव है : **1**

(A) भय
(B) विस्मय
(C) उत्साह
(D) हास

12. जहाँ पर उपमेय की किसी उपमान से गुण-धर्म के आधार पर समानता की जाए, वहाँ अलंकार होता है : **1**

(A) रूपक अलंकार
(B) उपमा अलंकार
(C) उत्प्रेक्षा अलंकार
(D) अनुप्रास अलंकार

13. 'रोला' छन्द के प्रत्येक चरण में मात्राएँ होती हैं : **1**

(A) 22
(B) 24
(C) 36
(D) 12

14. 'अनुग्रह' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है : **1**

(A) अन्
(B) अ
(C) अनु
(D) ग्रह

15. 'आई' प्रत्यय जोड़कर कौन-सा शब्द बना है ? **1**

(A) महानता
(B) लिखाई
(C) लघुता
(D) बचपन

16. 'पंचवटी' में कौन-सा समास है ? **1**

(A) कर्मधारय
(B) द्वन्द्व
(C) द्विगु
(D) तत्पुरुष

17. 'सूरज' का तत्सम रूप है : **1**

(A) सूर्य
(B) दिनकर
(C) सुरिज
(D) प्रकाश

18. 'स्वागतम्' का सन्धि-विच्छेद है : **1**

(A) स्वा + आगतम्
(B) सु + आगतम्
(C) स + वागतम्
(D) सू + वागतम्

19. 'फलात्' शब्द की विभक्ति एवं वचन है : **1**

(A) द्वितीया विभक्ति, एकवचन
(B) तृतीया विभक्ति, बहुवचन
(C) षष्ठी विभक्ति, बहुवचन
(D) पंचमी विभक्ति, एकवचन

20. 'हसति' शब्द का पुरुष एवं वचन है : **1**

(A) मध्यम पुरुष, द्विवचन
(B) उत्तम पुरुष, एकवचन
(C) प्रथम पुरुष, एकवचन
(D) उत्तम पुरुष, बहुवचन

## खण्ड – 'ब'
## (वर्णनात्मक प्रश्न)

1. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित दिए गए तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **3** × **2 = 6**

दूसरी बात जो इस सम्बन्ध में विचारणीय है वह यह है कि संस्कृति अथवा सामूहिक चेतना ही हमारे देश का प्राण है। इसी नैतिक चेतना के सूत्र से हमारे नगर और ग्राम, हमारे प्रदेश और सम्प्रदाय, हमारे विभिन्न वर्ग और जातियाँ आपस में बँधी हुई हैं। जहाँ उनमें और सब तरह की पहचान विभिन्नताएँ हैं, वहाँ उन सबमें यह एकता है। इसी बात को ठीक तरह से पहचान लेने से बापू ने जनसाधारण को बुद्धिजीवियों के नेतृत्व में क्रान्ति करने के लिए तत्पर करने के लिए इसी नैतिक चेतना का सहारा लिया था।

(i) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ii) गद्यांश के रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) बापू ने क्रान्ति करने के लिए किसका सहारा लिया था ?

**अथवा**

"मैं ब्राह्मणी हूँ, मुझे तो अपने धर्म-अतिथि देव की उपासना का पालन करना चाहिए, परन्तु यहाँ....... नहीं-नहीं सब विधर्मी दया के पात्र नहीं। परन्तु यह दया तो नहीं..... कर्त्तव्य करना है। तब ?"
मुग़ल अपनी तलवार टेककर उठ खड़ा हुआ। ममता ने कहा "क्या आश्चर्य है कि तुम छल करो, ठहरो।"
"छल ! नहीं तब नहीं स्त्री ! जाता हूँ, तैमूर का वंशधर स्त्री से छल करेगा ? जाता हूँ। भाग्य का खेल है।"

(i) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ii) गद्यांश के रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) "छल ! नहीं तब नहीं स्त्री ! जाता हूँ, तैमूर का वंशधर स्त्री से छल करेगा ? जाता हूँ।" वाक्य किसने कहा और क्यों ?

2. निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित दिए गए तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **3 × 2 = 6**

सहे वार पर वार अन्त तक, लड़ी वीर बाला-सी।
आहुति-सी गिर चढी चिता पर, चमक उठी ज्वाला-सी ॥
बढ़ जाता है मान वीर का, रण में बलि होने से।
मूल्यवती होती सोने की, भस्म यथा सोने से ।।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का संदर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) उपर्युक्त पद्यांश में किसकी वीरता का वर्णन किया गया है ?

**अथवा**

किलकत कान्ह घुटुरुवनि आवत।
मनिमय कनक नंद कैं आँगन, बिम्ब पकरिबैं धावत ।।
कबहुँ निरखि हरि आपु छाँह कौं, कर सौं पकरन चाहत।
किलकि हँसत राजत दतियाँ, पुनि पुनि तिहिं अवगाहत ।।
कनक-भूमि पर कर-पग छाया, यह उपमा इक राजति।

करि-करि प्रतिपद प्रतिमनि बसुधा, कमल बैठकी साजति ।।
बाल-दसा-सुख निरखि जसोदा, पुनि-पुनि नन्द बुलावति।
अँचरा तर लै ढाँकि, सूर के प्रभु कौ दूध पियावति ॥

(i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) उपर्युक्त पद्यांश में किसकी बाल-क्रीड़ाओं का कवि ने वर्णन किया है ?

3. निम्नलिखित संस्कृत गद्यावतरणों में से किसी एक अवतरण का संदर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : **2 + 3 = 5**

तस्य तां वार्ता श्रुत्वा सः चतुरः ग्रामीणः अकथयत् – "भोः वयम् अशिक्षिताः भवान् च शिक्षितः, वयम् अल्पज्ञाः भवान् च बहुज्ञः, इत्येव विज्ञाय अस्माभिः समयः कर्तव्यः। वयं परस्परं प्रहेलिकां प्रक्षयामः। यदि भवान् उत्तरं दातुं समर्थः न भविष्यति तदा भवान् दशरूप्यकाणि दास्यति। यदि वयम् उत्तरं दातुं समर्थः न भविश्यामः तदा दशरूप्यकाणाम् अर्ध पञ्चरूप्यकाणि दास्यामः।"

**अथवा**

वाराणसी सुविख्याता प्राचीना नगरी। इयं विमलसलिलतरङ्गायाः गङ्गायाः कूले स्थिता। अस्याः घट्टानां वलयाकृतिः पंक्तिः धवलायां चन्द्रिकायां बहु राजते। अगणिताः पर्यटकाः सुदूरेभ्यः देशेभ्यः नित्यम् अत्र आयान्ति, अस्याः घट्टानाञ्च शोभां विलोक्य इमां बहु प्रशंसन्ति।

4. निम्नलिखित संस्कृत पद्यांशों में से किसी एक पद्यांश का संदर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : **2 + 3 = 5**

उत्तरं यत् समुद्रस्य हिमाद्रेश्चैव दक्षिणम्।
वर्ष तद् भारतं नाम भारती यत्र सन्ततिः ।।

**अथवा**

माता गुरुतरा भूमेः खात् पितोच्चतरस्तथा।
मनः शीघ्रतरं वातात् चिन्ता बहुतरी तृणात् ।।

5. स्वपठित खण्डकाव्य के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए : **3**

(क) (i) 'मुक्ति दूत' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।
(ii) 'मुक्ति-दूत' खण्डकाव्य के नायक 'राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी' की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ख) (i) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य के आधार पर जवाहरलाल नेहरू का चरित्र चित्रण कीजिए।
(ii) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य का कथानक संक्षेप में लिखिए।

(ग) (i) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के 'आयोजन सर्ग' की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।
(ii) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के नायक 'श्रीकृष्ण' की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(घ) (i) 'मेवाड़-मुकुट' खण्डकाव्य के 'द्वितीय सर्ग' 'लक्ष्मी' का कथानक संक्षेप में लिखिए।
(ii) 'मेवाड़-मुकुट' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र चित्रण कीजिए।

(ङ) (i) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के आधार पर 'सुभाषचन्द्र बोस' का चरित्र चित्रण कीजिए।
(ii) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के 'द्वितीय सर्ग' का सारांश संक्षेप में लिखिए।

(च) (i) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के 'तृतीय सर्ग' 'बलिदान' का कथानक संक्षेप में लिखिए।
(ii) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के प्रमुख पात्र 'चन्द्रशेखर आजाद' की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(छ) (i) 'कर्ण' खण्डकाव्य के आधार पर कर्ण द्वारा 'कवच-कुण्डल दान' का वर्णन कीजिए।
(ii) 'कर्ण' खण्डकाव्य के आधार पर कर्ण की वीरता तथा व्यक्तित्व का उल्लेख कीजिए।

(ज) (i) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।
(ii) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के नायक की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(झ) (i) 'तुमुल' खण्डकाव्य के 'मेघनाद का अभियान सर्ग' का कथानक संक्षेप में लिखिए।
(ii) 'तुमुल' खण्डकाव्य के आधार पर 'लक्ष्मण' का चरित्र चित्रण कीजिए।

6. (क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन-परिचय दीजिए तथा उनकी किसी एक रचना का नामोल्लेख कीजिए : **5**

(i) जयशंकर प्रसाद (ii) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (iii) भगवतशरण उपाध्याय

(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक कवि का जीवन-परिचय दीजिए और उनकी एक प्रमुख रचना का नामोल्लेख कीजिए : **5**

(i) तुलसीदास (ii) महादेवी वर्मा (iii) रामनरेश त्रिपाठी

7. अपनी पाठ्यपुस्तक से कण्ठस्थ किया हुआ कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो। **2**

8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर संस्कृत में दीजिए : **2 + 2 = 4**

(i) श्वेतकेतुः कस्य पुत्रः आसीत् ?

(ii) विश्वस्य स्रष्टा कः ?

(iii) आतुरस्य मित्रं कः भवति ?

(iv) चन्द्रशेखरः स्वपितुः नाम किम् अकथयत् ?

(v) कुत्र मरणं मंगलं भवति ?

9. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए : **9**

(i) स्वच्छ भारत अभियान

(ii) विज्ञान वरदान या अभिशाप

(iii) पर्यावरण प्रदूषण की समस्या और समाधान

(iv) जनसंख्या वृद्धि की समस्या और समाधान

(v) विद्यार्थी जीवन में खेल का महत्त्व

---

**नोट :** आप UPBoardHub पर अपने Recent पेपर को भेज कर 10₹ प्रति पेपर Reward पा सकते हैं।